श्रीराम बायोसीड जेनेटिक्स ने हाइब्रिड टमाटर बायो लॉन्च किया

ग्वालियर। भारत की प्रमुख कंपनियों में से एक, डीसीएम श्रीराम लिमिटेड की एक इकाई, श्रीराम बायोसीड जेनेटिक्स, ने शिवपुरी, मध्य प्रदेश में उच्च उपज वाली किस्मे नई पीढ़ी वाली हाइब्रिड टमाटर बायो 1432 के लॉन्च की घोषणा की। बायो 1432 को हैदराबाद स्थित श्रीराम बायोसीड जेनेटिक्स बायोसीड रिसर्च एंड डेवलपमेंट विभाग द्वारा विकसित किया गया था। श्रीराम बायोसीड जेनेटिक्स ने पिछले साल ही महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और गुजरात में टमाटर की खेती में स्वे ामडयर राउंड सेगमेंट में (बायोसीड 2182 और 2071) उत्कृष्ट उत्पाद लॉन्च किए हैं, जहां उत्पाद की मांग अत्यधिक है। बायोसीड अनुसंधान नई तकनीक के साथ विशेष रूप से-टमाटर, ओकरा (भिंडी) और हॉट पेपर (तीखी मिर्च) जैसी फसलों में सक्रिय रूप से काम कर रहा है, जहां किसान बायो 1432 जैसे उत्पादों द्वारा उच्च उपज के साथ लाभ प्राप्त करेंगे।